# राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सरस्वती नगर, मुबारकपुर, टाण्डा-अम्बेडकर नगर (उ0प्र0) पिन- 224190

पत्रांक...RDS/528/2025-26    कु0स0 3553/2025 04/09/25    दिनांक...02-09-2025

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य    System Analyst

सेवा में,

कुल सचिव महोदय
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी

Registrar

विषयः– नियुक्ति विज्ञापन की सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

निवेदन के साथ आपको सादर अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय आदेश संख्या जी0735/2025 दिनाँक 28/07/2025 के अनुपालन में विद्यालय में रिक्त विभागाध्यक्ष साहित्य (संस्कृत) का 01 पद जो जिला विद्यालय निरीक्षक अम्बेडकरनगर द्वारा प्रमाणित है का पुनः संशोधित विज्ञापन राष्ट्रीय समाचार पत्र जनमोर्चा एवं तरूण मित्र में दिनाँक 02.09.2025 को प्रकाशित कराया गया है।

अतः श्रीमान जी निवेदन है कि उक्त विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु आपकी सेवा में सादर प्रेषित है।

संलग्नकः–

1. यथोक्त नियुक्ति विज्ञापन के दोनो समाचार पत्रो की एक–एक मूलप्रति

भवदीय

प्रबन्धक
राम दुलारी बालिका सं0मा0वि0
सरस्वतीनगर मुबारकपुर टाण्डा
अम्बेडकरनगर

Scanned with OKEN Scanner

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
अम्बेडकरनगर।

सेवा में,

कुल सचिव,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

पत्रांक–संस्कृत/ /2019–20 दिनांक 26-08-19

विषय– राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरस्वतीनगर, मुबारकपुर, टाण्डा, अम्बेडकरनगर में शिक्षक संवर्ग में रिक्त पदों की सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर, प्रबन्धक, राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्र दिनांक 05.07.2019 का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके द्वारा महाविद्यालय में सृजित, कार्यरत एवं रिक्त पदों की सूचना इस कार्यालय में प्रेषित किया गया है। राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरस्वतीनगर, मुबारकपुर, टाण्डा, अम्बेडकरनगर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध है, जिसमें सृजित पदों के सापेक्ष कार्यरत शिक्षकों को विभाग से वेतन भुगतान होता है। उक्त महाविद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चयन एवं अनुमोदन का अधिकार विश्वविद्यालय मे निहित है। प्रबन्धक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सूचना के अनुसार राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरस्वतीनगर मुबारकपुर, टाण्डा, अम्बेडकरनगर में प्राचार्य–01, वि0अ0–02, स0वि0अ0–06, स0अ0–06, लिपिक–01, चतुर्थ श्रेणी–01 कुल 17 पद सृजित है, जिसके सापेक्ष प्राचार्य–01, वि0अ0–01, स0वि0अ0–06, स0अ0–05, लिपिक–01, चतुर्थ श्रेणी–01 कुल 15 कार्यरत हैं। श्रीमती राम कुमारी वि0अ0 साहित्य संस्कृत के दिनांक 30.06.2018 एवं श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी स0अ0 के दिनांक 30.06.2019 को सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप उक्त महाविद्यालय में, वि0अ0–01 एवं स0अ0–01, कुल 02 पद रिक्त हैं, जिसे भरे जाने हेतु रिक्ति की सूचना/अधियाचन इस कार्यालय में प्रबन्धक द्वारा प्रेषित किया गया है।

अतः प्रबन्धक, राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरस्वतीनगर, मुबारकपुर, टाण्डा, अम्बेडकरनगर के पत्र दिनांक 05.07.2019 से उपलब्ध करायी गयी रिक्ति की सूचना/अधियाचन एवं अन्य पत्रजात संलग्न कर, नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित है।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीय,

(विनोद कुमार सिंह)
जिला विद्यालय निरीक्षक,
अम्बेडकरनगर।

पृष्ठांकन संख्या–संस्कृत/ 4452-53 /2019–20 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि–प्रबन्धक, राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सरस्वतीनगर, मुबारकपुर, टाण्डा, अम्बेडकरनगर को सूचनार्थ।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
अम्बेडकर नगर

Manager
Ram Dulari Balika Sanskrit
Snatkottar Mahavidyalaya
Saraswati Nagar Mubarakpur
Ambedkar Nagar

Scanned with OKEN Scanner

# राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वतीनगर मुबारकपुर टाण्डा अम्बेडकरनगर

## आवश्यकता है /संशोधित विज्ञापन

शासन द्वारा स्वीकृत एवं उ0प्र0 शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आरक्षण नियमों के अन्तर्गत सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय वाराणसी से सम्बद्ध राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर मुबारकपुर टाण्डा अम्बेडकरनगर में अधोलिखित रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु, आवेदन पत्र शैक्षणिक अर्हता की स्वाप्रमाणित छाया प्रतियो के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने से 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक से निम्नलिखित पते पर रुपये 500/= (रुपये पाँच सौ मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो प्रबंधक, राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर मुबारकपुर टाण्डा , अम्बेडकर नगर के पक्ष में देय हो। संलग्न कर आमंत्रित किये जाते हैं। पदनाम एवं अर्हता- विभागाध्यक्ष साहित्य (संस्कृत)

01 पद, (कम से कम द्वितीय श्रेणी में साहित्य अथवा संस्कृत विषय में आचार्य/ स्नातकोत्तर उपाधि। परम्परागत उपाधि को वरीयता ।

<u>नोट</u>- पूर्व विज्ञापन में जिन लोगों ने आवेदन किया था, उनको पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

**प्रबंधक**

**राम दुलारी बालिका संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**सरस्वती नगर, मुबारकपुर टाण्डा, अम्बेडकरनगर**

Scanned with OKEN Scanner